देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959

# पश्चिम बंगाल :चार लाख के नकली नोटों के साथ युवक गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालीचक से चार लाख 20 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया

Reported by: एजेंसी 2019-09-23 12:12:08



**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालीचक से चार लाख 20 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इंग्लिश बाजार विशेष पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जादूपुर बस स्टैंड से कालीचक के मजामपुर घुनटोला इलाके के निवासी इशा शेख को गिरफ्तार किया और उसके पास से चार लाख 20 हजारे के नकली रुपये बरामद किए।

बरामद किए गए सभी नकली नोट 2000 के हैं।

Video Link: https://youtu.be/h5iWia3en3o

Source: http://www.deshbandhu.co.in/news/west-bengal_-youth-arrested-with-fake-notes-of-four-lakhs-155648-1